12.44 hrs. Re: Need to introduce Metro Rail Services in Jaipur

Title: Need to introduce Metro rail in Jaipur.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष महोदय, किस्मत से माननीय रेल मंत्री जी हमारे सामने विराजमान हैं। जयपुर राजस्थान राज्य की राजधानी है जबकि दिल्ली भारत की राजधानी है। दिल्ली में जनसंख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है जिससे यातायात व्यवस्था में गड़बड़ हुई है। इसी प्रकार जयपुर शहर के आसपास गांवों के कारण जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ी है। इसलिये माननीय रेल मंत्री जी मेरा अनुरोध है कि यदि मेट्रो रेल परियोजना आपके जुरिस्डिक्शन में है तो जैसे दिल्ली में हुआ है जिसे देखकर लोगों को अचम्भा होता है। उसी प्रकार जयपुर की आबादी बहुत घनी होने कारण अब 25 लाख तक पहुंच गई है, क्या निश्चित रूप से जयपुर में मेट्रो रेल परियोजना पर विचार करेंगे। क्या उसके लिये नक्शे बनवायेंगे, उसके लिये पैसा देंगे ताकि जयपुर शहर में भी मैट्रो रेल परियोजना लागू हो जाये। यही मेरा निवेदन है।

अध्यक्ष महोदय : भार्गव जी, आपका बहुत बहुत धन्यवाद। You are to the point आपका बहुत-बहुत आभारी हूं।

रेल मंत्री (श्री लालू प्रसाद) : अध्यक्ष महोदय, मैं जयपुर की जनता का और इनके सैंटिमैंट्स का आदर करता हूं। मैं इस मामले को देखूंगा। लेकिन जब माननीय सदस्य हाउस कमेटी के चेयरमैन थे, हमें इन्होंने क्वार्टर नहीं दिया था।

____

श्री गिरधारी लाल भार्गव : अध्यक्ष महोदय, मैंने इन्हें कहा था लेकिन इनका कहना था कि मुझे बिहार मिल गया है, इसलिये मकान नहीं चाहिये।

MR. SPEAKER: You have got the assurance on Metro rail. That is more important.

Without creating a precedent, I am calling Shri Prabhunath Singh. This will not form a precedent. There is no such rule.